(घ) धातु पात्र के निर्माण के नये एककों के न चल पाने और पुराने एककों के रूग्ण हो जाने के क्या कारण हैं ?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम्) : (क) मैटल कंटेनर उद्योग सहित पैकेजिंग उद्योग के समस्त क्षेत्र को प्रोत्साहन देना सरकार की नीति का एक भाग है।

(ख) और (ग) अब तक, सभी श्रेणियों की टिन प्लेटों का आयात खनिज तथा धातु व्यापार निगम (एम० एम०टी०सी०) के माध्यम से किया जाता है ।

(घ) यद्यपि, उद्योग की कुछ इकाइयों को रूग्णता का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन यह कहना सही नहीं होगा कि समस्त उद्योग इस समस्या से पीड़ित है ।

मानव रक्त से निर्मित औषधियों पर प्रतिबंध

1476. **श्री संतोष बागड़ोदिया** : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि रक्त से निर्मित स्वदेशी औषधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है ;

(ख यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इस प्रकार की औषधियों के निर्माण में कितने कारखाने लगे हुए हैं और उनके नाम क्या हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि एड्स के भय से मानव रक्त से निर्मित विदेशी औषधियों को यह कह कर बेचा जा रहा है कि ये औषधियां भारतीय औषधियों से बढ़िया है; और

(घ) यदि हां तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

उद्योग मंत्री (श्री जे० वेंगल राव) : (क) से (घ) स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय से जानकारी एकत्र की जायेगी और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

Composition of Board of Directors of Companies

1477. DR. BAPU KALDATE; Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) what is the composition of Board of Directors, subscribed capital, terms of directors including the Chairman-cum-Managing Directors of all companies and/or their subsidiaries under the administrative control of his Ministry;

(b) what are the Tiames of the companies running in losses and the reaeons therefor; and

(c) what action is proposed to be taken to up-grade the management structure and profitable conduct of their business?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI J. VENGAL RAO). (a) to (c) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

Composition of the Central Boilers Board

1478. SHRI ANAND PRAKASH GAUTAM: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state;

(a) what is the composition of the Central Boilers Board;

(b) whether any representation has been given to the SC/STs on this Board;

(o) if so, what are the details thereof; and

(d) if not, what are the reasons therefor